पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने बैठक की अध्यक्षता की

लखनऊः 15 जनवरी, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राजभवन में आयोजित उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, इलाहाबाद कार्यकारिणी परिषद की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि कलाकारों को सीधा लाभ दिलाने के लिए संस्था नये प्रस्ताव पर विचार करें। ज्यादा से ज्यादा कलाकारों को प्रोत्साहित करने के लिए नये कार्यक्रम बनाये जाये। उन्होंने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र की आमदनी में बढ़ोत्तरी हुई है तथा वादों की संख्या में कमी आयी है।

कार्यकारिणी की बैठक में सभी पदाधिकारियों की सहमति से उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र के अंतर्गत आने वाले रवीन्द्र कला मंच, महात्मा गांधी आर्ट गैलरी, इलाहाबाद शिल्प हाट, कला भवन, गेस्ट हाउस की नयी दरें तय की गयी। उल्लेखनीय है कि राज्यपाल के प्रयासों से पूर्व की दरों में कटौती कर नये दरें निर्धारित की गयी है जिससे कलाकारों को सुविधा हो तथा सांस्कृतिक केन्द्र की आय भी बढ़ सके। उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र में पार्किंग बनाने हेतु नियमानुसार सक्षम स्तर से समन्वय करके प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया।

बैठक में राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर, सुश्री श्रेया गुहा संयुक्त सचिव भारत सरकार, श्रीमती अनीता मेश्राम सचिव संस्कृति उत्तर प्रदेश, श्री राजेश मिश्रा निदेशक संस्कृति मध्य प्रदेश, सुश्री बीना भट्ट निदेशक संस्कृति उत्तराखण्ड, श्रीमती सरोजा वैद्यनाथन दिल्ली व अन्य सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (23)